

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती एवं... 7

RNI NO.51594/94

दैनिक

# नेशनल प्रहरी

दिल्ली–एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और चंडीगढ़ से एक साथ प्रसारित



नकल रहित परीक्षा करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी... 8

वर्ष: 31 अंक: 315 फरीदाबाद, शुक्रवार, 07 मार्च 2025 Email: nationalprahari.info@gmail.com www.nationalpraharinews.com मूल्य: 1 रु. पृष्ठ 8


# अंतःमहाविद्यालय संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता

नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह



बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में 6 मार्च 2025 को संस्कृत विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती और योगःकर्मसु कौशलम् विषय पर अंतःमहाविद्यालय संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व व देख रेख में किया गया। प्रतियोगिता में जिला पलवल व फरीदाबाद के 7 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक निबंध लिखकर अपने विचार प्रस्तुत किये। अन्य महाविद्यालयों से आये साथी प्राध्यापकगणों ने निबंध के शीर्षक की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों ही शीर्षक बहुत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थियों में मौलिकता, रचनात्मक आदि भावनाएं अंकुरित होती है। इसलिए समय-समय पर इन गतिविधियों का आयोजन आवश्यक है। निर्णायक की भूमिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल और डॉ. सोनिया वशिष्ठ ने अदा की।प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा- प्रथम जयंत आर्य बीए द्वितीय वर्ष अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़, द्वितीय आरती आर्या आचार्य प्रथम वर्ष हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ बघोला पलवल, तृतीय कुमारी कनिष्क बीए द्वितीय वर्ष राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 16ए फरीदाबाद। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ0 पूजा सैनी की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य के कर कमलों द्वारा विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।


दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-14, अंक-65 शुक्रवार 07 मार्च, 2025, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes


# संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

बल्लबगढ़, 06 मार्च, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज में वीरवार को संस्कृत विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 'महर्षि दयानंद सरस्वती और योगःकर्मसु कौशलम' विषय पर अंतःमहाविद्यालय संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिला पलवल व फरीदाबाद के 7 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक निबंध लिखकर अपने विचार प्रस्तुत किये। अन्य महाविद्यालयों से आये साथी प्राध्यापकगणों ने निबंध के शीर्षक की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों ही शीर्षक बहुत महत्वपूर्ण हैं।

इस प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थियों में मौलिकता, रचनात्मक आदि भावनाएं अंकुरित होती हैं। इसलिए समय-समय पर इन गतिविधियों का आयोजन आवश्यक है। निर्णायक की भूमिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल और डॉ. सोनिया वशिष्ठ ने अदा की। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा- प्रथम जयंत आर्य बीए द्वितीय वर्ष अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़, द्वितीय आरती आर्या आचार्य प्रथम वर्ष हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ बघोला पलवल, तृतीय कुमारी कनिष्क बीए द्वितीय वर्ष राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 16ए फरीदाबाद।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ० पूजा सैनी की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य के कर कमलों द्वारा विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

Jantantratoday March 6, 2025

**फरीदाबाद , जनतंत्र टुडे /** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में संस्कृत विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा केंद के संयुक्त तत्वावधान में 'महर्षि दयानंद सरस्वती और योग:कर्मसु कौशलम्' विषय पर अंत:महाविद्यालय संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व व देख रेख में किया गया।

प्रतियोगिता में जिला पलवल व फरीदाबाद के 7 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक निबंध लिखकर अपने विचार प्रस्तुत किये। अन्य महाविद्यालयों से आये साथी प्रध्यापकगणों ने निबंध के शीर्षक की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों ही शीर्षक बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थियों में मौलिकता, रचनात्मक आदि भावनाएं अंकुरित होती हैं। इसलिए समय-समय पर इन गतिविधियों का आयोजन आवश्यक है। निर्णायक की भूमिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल और डॉ. सोनिया वशिष्ठ ने अदा की।

**प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा –**

प्रथम जयंत आर्य बीए द्वितीय वर्ष अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़, द्वितीय आरती आर्या आचार्य प्रथम वर्ष हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ बघोला पलवल, तृतीय कुमारी कनिष्क बीए द्वितीय वर्ष राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर -16ए फरीदाबाद।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ० पूजा सैनी की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य के कर कमलों द्वारा विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरुस्कृत किया गया।